न्यायालय नायब तहसीलदार पीलवा.... (नागौर) राजस्थान

प्रार्थी राज.सरकार जरिये पटवारी हल्का झालरा......

बनाम

अप्रार्थी :– श्री भंवरलाल/कालुराम जाट निवासी सांचौर अन्तर्गत धारा 91 भू–राजस्व अधिनियम 1956

प्रकरण संख्या ...14.../2018

निर्णय

दिनांक 29.5.18

पत्रावली का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि पटवारी हल्का झालरा... ने अप्रार्थी के विरूद्व टी.पी.रिपोर्ट प्रस्तुत की है कि अप्रार्थी द्वारा सवत 2075 में सरहद सांचौर के खसरा नम्बर 232 मैं किस्म गै.मु. रास्ता में रकबा 0.0325 है. बीघा भूमि में बाड़ लगाकर लगा कर अतिक्रमण किया है। जिस पर वाद धारा 91 एल आर एक्ट 1956 के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर अप्रार्थी को वास्ते वजह सबूत नोटिस जारी किया गया। अप्रार्थी ...—... से नोटिस तामिल होने पर शामिल पत्रावली किया गया। अप्रार्थी की तरफ से अधिवक्ता श्री ....—.... ने दिनांक ....—.... को उपस्थित होकर ....—.... प्रस्तुत किया जिसे शामिल पत्रावली किया गया ।

पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजातो एवं हल्का पटवारी की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया । अप्रार्थी का मौजा सांचौर के खसरा नम्बर 232 किस्म गै.मु. रास्ता... में रकबा 0.0325 है. बीघा की भूमि पर अतिकमण किया जाना वर्तमान में सिद्ध होना पाये जाने पर अप्रार्थी को अतिकमी घोषित किया जाता है।

अत : अप्रार्थी द्वारा उक्त अतिकमित भूमि पर किये गये अतिकमण को मौके से बेदखल करने का आदेश पारित किया जाता है। लगान दर ....6.... रूपये प्रति बीघा की दर से अतिकमित रकबा 0.0325 है. बीघा भूमि के 0.195 रूपये लगान का 50 गुणा ...10/– ..../– अक्षरे दस....... रूपये बतौर जुर्माना दण्डित किया जाता है। जुर्माना की राशि तहसील राजस्व लेखाकार व पटवारी हल्का को मांग कायमी कर वसूली हेतु लिखा जावे। पटवारी हल्का को आदेश दिया जाता है कि अप्रार्थी को मौके से भौतिक रूप से बेदखल कर पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

निर्णय आज दिनॉक 29.5.18.... को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

नायब तहसीलदार पीलवा